हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जुलाई 2024

13 डीआईजी स्कूल में पौधरोपण किया



14 अस्पताल में सड़क पर गड्ढे, बारिश में पानी भरा



## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट, केस दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में घर के अंदर घुसकर मारपीट करने व अभद्रता करने के आरोप का मामला सामने आया है। यूपी हाल में सोनीपत निवासी एक महिला ने बताया कि दिन में करीब 3 बजे वह अपने घर पर अकेली थी। उसी दौरान मकान का किसी ने दरवाजा खटखटाया। उसने गेट खोला तो हर्मिला व गौरव सहित परमानंद उसके घर के अंदर आ गए। उन्होंने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। विरोध करने उसके साथ गाली-गलौच करने लगा। पीड़िता ने आरोपित गौरव व परमानंद ने उसके साथ अश्लीलता की। उसके कपड़े फाड़ दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

### बोलरो चालक ट्रक की चपेट में आया

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में केएमपी जीरो प्वाइंट के पास सड़क पार करते समय बोलरो गाड़ी परिचालक को तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में युवक घायल हो गया। उपचार के लिए उसे सोनीपत नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अमन हैरिटेज कंपनी में गाड़ी चालक के पास परिचालक के दौरान पर दो साल से नौकरी कर रहा है। गत 30 जून को वह गाड़ी लेकर दूध उतारने के लिए सोनीपत आया हुआ था। इसी दौरान गाड़ी से उतरने पर ट्रक चालक ने उसे कुचल दिया।

### मोबाइल छीनने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 सोनीपत पुलिस ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित किशन निवासी बिहार शेरशाह हाल जनता कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपितो को पहले काबू कर लिया था। सुंदर सांवरी निवासी अनीता ने गत 28 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह गेटवे स्कूल में काम करता है। गत 6 जून को छुट्टी होने के बाद घर की तरफ पैदल आ रही थी। उसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उसके हाथ से मोबाइल फोन को छीन लिया। अपने स्तर पर युवकों की पहचान करने के प्रयास किए, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### उपायुक्त ने खरखौदा में समाधान शिविर का किया औचक निरीक्षण

# अधिकारी मिले गायब, फाइल में बिना कारण देरी करने पर क्लर्क चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने सोमवार को उपमंडल कार्यालय खरखौदा में आयोजित समाधान शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपमंडल अधिकारी एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारीगण गैर हाजिर पाए गए। जिस पर उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर की। वहीं स्टाम्प वैंडरों की फाइल के संदर्भ में बेवजह देरी करने वाले लिपिकों को चार्जशीट किया गया।

### जताई नाराजगी

जानकारी अनुसार उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार सोमवार को आयुक्त, रोहतक मण्डल के कार्यालय में बैठक के लिए जाते समय उपमण्डल कार्यालय खरखौदा में पहुंच गए। जहां पर आयोजित समाधान शिविर का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें उपमण्डल अधिकारी (ना०), खरखौदा एवं अन्य जिम्मेवार अधिकारीगण के गैरहाजिर पाये जाने पर नाराजगी जताई गई तथा इस विषय में सरकार को अवगत कराने का निर्णय भी लिया गया। उपमण्डल खरखौदा के संदर्भ में शिकायतकताअरं द्वारा बार-बार यह शिकायत की जा रही थी कि खरखौदा उपमंडल में समाधान शिविर सही तरीके से आयोजित नही किये जा रहे, जिससे लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है तथा उन्हें अपनी छोटी-छोटी शिकायतों के समाधान हेतु सोनीपत मुख्यालय स्तर पर आना पड़ता है, जिससे उनका धन तथा समय दोनों बर्बाद होते है। वहीं मौके पर मौजूद लोगो द्वारा स्टाम्प वैडरों के संदर्भ में शिकायत करने पर उपायुक्त द्वारा तुरंत स्टाम्प वैंडरो से सम्बन्धित फाईल की जानकारी ली गई। जिसमें पाया गया कि उपायुक्त द्वारा दिनांक 3 मई को स्टाम्प वैडंरो की रिन्यूवल की अनुमति देने के बाद भी सम्बन्धित लिपिकों द्वारा दो माह तक फाईल दबा कर रखी गई, जिसकी वजह से आमजन को परेशान होना पड़ा। रोहतक की बैठक से वापस आने पर उपायुक्त द्वारा सम्बन्धित लिपिकों को चार्जशीट कर दिया गया है तथा उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ की गई।



**खरखौदा।** समाधान शिविर में बुजुर्ग की शिकायत सुनते उपायुक्त।

### योजनाओं के प्रचार के लिए वाहन रवाना

सोनीपत। सरकार द्वारा अंत्योदय को ध्येय मानकर प्रदेश के प्रत्येक वर्ग के लिए उठाए गए कदमों को आमजन तक पहुंचाने और लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोनीपत जिला में सोमवार से विशेष प्रचार अभियान का आगाज हुआ। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने लघु सचिवालय से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।उपायुक्त ने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष प्रचार अभियान के दौरान विभाग की ड्रामा व सांस्कृति टीमें गांव-गांव जाकर सरल भाषा में लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति जागरूक करेंगे ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि यह प्रचार अभियान अगले एक महीने तक चलाया जाएगा, जिसमें सभी गांवों, कस्बों और शहरों को कवर किया जाएगा। इस मौके पर विभाग के अधीक्षक नरेन्द्र दहिया, लिपिक पवन कुमार व नितिन, राजेश, बीपीडब्ल्यू राममेहर, दिनेश कुलदीप, लीडर भजन पार्टी कपूर सिंह, सदस्य कृष्ण जुआं, धर्मपाल, मुनीराम व अन्य मौजूद रहे।

### 136 शिकायतों में से 14 का ही समाधान

**सोनीपत।** जिला प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में सोमवार को कुल 136 शिकायतें सामने आई। जिनमें से केवल 14 शिकायतों का ही मौके पर समाधान संभव हो पाया। 122 शिकायतों को लंबित की श्रेणी में रखा गया है। सोमवार को उपायुक्त की गैर मौजूदगी में नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा और अतिरिक्त उपायुक्त ने शिविर की अध्यक्षता की। वहीं ओवरआल बात करें तो जिले में 10 जून से लेकर अब तक कुल 1415 शिकायतें सामने आ चुकी हैं, जिनमें से केवल 358 का ही मौके पर समाधान हो पाया है। इसके अलावा 1057 शिकायतें अभी तक लंबित की श्रेणी में हैं।

निगमायुक्त ने कहा कि विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि जिला स्तर पर कोई भी शिकायत पेंडिंग न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि जो शिकायत निवारण करने योग्य हो उसका तुरंत प्रभाव से निवारण करवाएं। उन्होंने सभी विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



## हाईटेंशन की चपेट में आया ट्रक चालक और परिचालक गंभीर

**गन्नौर।** लल्हेड़ी गांव में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से कंटेनर चालक व सहायक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी अनुसार उत्तरप्रदेश के इटावा के रहने वाले अनिल कंटेनर पर चालक व उपेंद्र सहायक के तौर पर कार्यरत है। सोमवार को वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से गन्नौर सोनीपत सड़क मार्ग की तरफ जा रहे थे। जब वह लल्हेड़ी गांव के पास पहुंचे तो कंटेनर के टायर के नीचे बड़ा पत्थर फस गया। इसी दौरान उनका कंटेनर उपर से गुजर रही हाईटेंशन तार के संपर्क में भी आ गया, जिस वजह से कंटेनर में करंट दौड़ने लगा। अनिल व उपेंद्र को इस बात का अंदाजा नहीं था। उपेंद्र कंटेनर से उतर कर पत्थर हटाने लगा तो वह कंटेनर की संपर्क में आ गया जिस वजह से उसे



बिजली का तेज झटका लगा और वह बुरी तरह से झुलस कर घायल हो गया। वहीं अनिल को भी उपेंद्र को बचाने के चक्कर में करंट का झटका लगा। इस हादसे के बाद ग्रामीणों ने हाईटेंशन की बिजली सप्लाई को बंद करवाया और एंबुलेंस को मौके पर बुलवाया। दोनों घायलों को उपचार के लिए सोनीपत के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उपेंद्र को रोहतक पीजीआई में रैफर कर लिया।

### चेन्नई के लिए निकला व्यक्ति लापता, केस

सोनीपत। बहालगढ़ थाना क्षेत्र में के गांव पलड़ी में घर से चेन्नई के लिए निकले व्यक्ति के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। व्यक्ति ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। समीना ने बताय कि उसका पति सुमन जिसकी आयु करीब 40 वर्ष है। गत 22 जून को घर से चेन्नई जाने की बात कहकर निकला था। उसे बताया कि वह चेन्नई में पीएफ के रुपये निकलवाने के लिए जा रहा है। उसके बाद से आज तक उसका कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### नशीले पदार्थ के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना सोनीपत पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नूर हसन निवासी मोहम्मदपुर झांझरा सहारनपुर व आमिर निवासी कोटा जिला हरिद्वार उतराखंड का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से एक आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। जांच अधिकारी समुंद्र सिंह ने बताया कि उनकी टीम 30 जून को गश्त के दौरान गांव खेवड़ा बाईपास नजदीक धमाका होटल के पास गश्त पर थी। उसी दौरान दो लड़के संदिग्ध हालत में घुमते हुए मिले। टीम ने उन्हें काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उनसे भुक्की बरामद की गई।

## चिकित्सकों ने मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर जताया रोष



**सोनीपत।** काली पट्टी बांधकर मरीज को देखता डॉक्टर।

**सोनीपत।** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत चिकित्सको ने सोमवार को अपनी मांगों को लेकर सरकार के प्रति रोष जताया। आपाकालीन कक्ष को छोड़कर ओपीडी में तैनात चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर काम किया। चिकित्सकों ने कहा कि एसोसिएशन की सभी मांगों को मान लिया गया था, लेकिन अभी तक धरातल पर कुछ नहीं हुआ। एसएमओ की सीधी भर्ती के नियमों को संशोधित नहीं किया गया है। इसके साथ न ही पीजी बांड को कम किया गया है। इसके साथ विशेषज्ञ चिकित्सक का कैडर भी नहीं बना गया है। एसोसिएशन के जिला प्रधान राहुल आंतिल ने कहा कि नियमित कार्य भी डीजी आफिस में सालों तक लंबित रहते है। जैसे एसीपी केस, प्रमोशन लिस्ट। उन्होंने कहा कि उनकी मांगे लंबे समय से लटकी पड़ी है।

### सबमर्सिबल की मोटर व तार चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सांरग रोड पर खाली प्लॉट में लगे सबमर्सिबल की मोटर व तार चोरी होने का मामला सामने आया है। प्लॉट मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मॉडल टाउन निवासी रमित गुप्ता ने बताया कि उसकी आयु करीब 50 वर्ष है। उसका प्लॉट सारंग रोड पर है। जिसके अंदर सबमर्सिबल लगा हुआ है। वह प्लॉट पर एक दो महीने में जाता रहता है। गत 28 जून को उसके पड़ोसी ने सूचना दी कि प्लॉट में लगे सब्मर्सिबल पंप की मोटर व तार गायब है। उसने मौके पर जाकर देखा। उसके बाद पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### हमला कर लूटने के आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मुरथल थाना पुलिस ने जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल आरोपित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रामपाल निवासी चिढ़ाना हाल इंडियन कॉलोनी मुरथल, रितेश निवासी नेपाल हाल में गांव कुराड़ व मंजीत निवासी कुराड़ का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से दो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जबकि आरोपित मंजीत को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।

रोहणा हाल पटेल नगर निवासी मंदीप ने 30 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका मुरथल में लक्की नाम से ढाबा है। रात करीब 1 बजे अपने ढाबे के कार्यालय में बैठा हुआ था। उसी दौरान मंजीत, रितेश उसके पास आए। उससे कमरा देने के लिए कहने लगे। कमरा देने से मना कर दिया। तो मंजीत गाली देने लगा। उसे थप्पड़ मारे। उसके बाद मंजीत ने जेब से पिस्तौल निकालकर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली दीवार में जाकर लगी। वह बाल-बाल बच गया। उसके बाद मंजीत ने गले से रुद्राक्ष की सोने की चैन व जेब से 2500 रुपये छीन लिए। उसका मोबाइल फोन व धमकी देकर गाड़ी में बैठकर फरार हो गए।

## बदमाशों ने बिजली कर्मचारी से की लूटपाट

**सोनीपत।** जुलाई माह की पहली तिथि से भारतीय न्याय संहिता के तहत कानूनी प्रक्रिया को अमल में लाया जायेगा। नई कानूनी प्रक्रिया के तहत जिले के सदर थाने में पहला मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें रात को बिजली फाल्ट को ठीक करने जा रहे एएलएम पर हमला करके बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित के बयान पर चार बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### ड्यूटी से लौट रहा था एएलएम

गांव बड़वासनी निवासी मंजीत ने बताया कि बिजली विभाग में तैनात है। हाल में उसकी डयूटी भठगांव पावर हाउस में बतौर एएलएम के तौर पर लगी हुई है। रात को वह डयूटी पर तैनात था। उसी दौरान गांव रतनगढ़ में ट्रासफार्मर की बिजली की शिकायत मिली थी। उसके बाद वह रात करीब 12.25 बजे अपनी बाइक पर सवार होकर रतनगढ़ जा रहा था। जब वह भठगांव से रतनगढ़ के बीच पहुंचा। तो सड़क पर तीन लड़के खड़े हुए थे। उन्होंने उसकी मोटरसाइकिल को रूकवा लिया। एक लड़के ने उसे पीछे से पकड़ लिया। उसके बाद उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसकी जेब से मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल छीन ली। चारों लड़के उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। रात को लूट मामले में 14 साल तो दिन में 10 साल की हो सकती है सजा-

एक जुलाई से पूरे भारत में भारतीय न्याय संहिता लागू हो चुकी है। सदर थाने में दर्ज हुआ मामला रात का है। जिसमें चार बदमाशों ने कर्मचारी से लूट की वारदात को अंजाम दिया है। रात को लूट मामले में नई न्याय संहिता के तहत 14 साल तक की सजा हो सकती है। वहीं वारदात अगर दिन में होगी तो दोषी पाएं जाने पर दस साल की सजा हो सकती है।

### नए कानूनों तहत जिले में पहला केस दर्ज

**जल्द गिरफ्तार करेंगे**

पुलिस ने पीड़ित के बयान पर नई भारतीय न्याय संहिता के तहत धारा-309(4) में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितो की पहचान कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

**एसआई सिलेंद्र सिंह** जांच अधिकारी सदर थाना

# कई दिनों के इंतजार के बाद ठीक हुई एक्स-रे मशीन मरीजों और अस्पताल प्रबंधन ने ली राहत की सांस


### दिन भर इंजीनियर मशीन के साथ करते रहे माथापच्ची, दोपहर बाद हुई ठीक

### रोज 150 से ज्यादा मरीजों को लौटना पड़ रहा था वापस, करवाना पड़ता था बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल में कई दिनों से एक्स-रे करवाने का इंतजार कर रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। कई दिनों से एक्स-रे विभाग के बाहर मशीन खराब होने का नोटिस चस्पा देकर मरीज वापिस लौट रहे थे। सोमवार को अस्पताल में पहुंची इंजीनियर की टीम को कई घंटो की मेहनत के बाद मशीन ठीक हो गई। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन के साथ-साथ एक्स-रे विभाग में तैनात कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है। वहीं बिना एक्स-रे के वापिस लौट रहे मरीजो को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मंगलवार सुबह से एक्स-रे शुरू हो जायेगें।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में रोजाना 80 से 150 मरीजों के एक्स-रे होते है। वर्ष 2007 में लगाई गई एक्स-रे मशीन काफी पुरानी हो चुकी है। जोकि बार-बार खराब हो रही है। अस्पताल में एक्स रे न होने के कारण मरीजों का इलाज भी प्रभावित रहा था। जिससे मरीजों को बाहर पैसे देकर एक्स-रे करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था। अस्पताल प्रबधंन की तरफ से पत्राचार के बाद सोमवार को इंजीनियर अस्पताल में पहुंचे। जहां कड़ी मेहनत के बाद एक्स-रे मशीन को ठीक किया गया। हालांकि ओपीडी समय खत्म होने के चलते दोपहर बाद एक्स-रे नहीं हो पाए, लेकिन मशीन ठीक होने से अस्पताल प्रबंधन व एक्स-रे विभाग में तैनात कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है। मंगलवार से रूटीन में एक्स-रे शुरू हो जायेगें। वहीं कई दिनों से एक्स-रे करवाने का इंतजार कर रहे मरीजो को राहत मिलेगी। उनका अस्पताल में एक्स-रे की वजह से रुका उपचार आगे बढ़ सकेगा।



**सोनीपत।** एक्स-रे मशीन को ठीक करता इंजीनियर।

### पुरानी मशीन होने के कारण परेशानी

एक्सरे-विभाग ज्यादातर डिजीटल प्रणाली पर चलता है। समय-समय पर तकनीकी खराबी व मशीन पुरानी होने के कारण दिक्कत आ जाती है। प्रबंधन की तरफ से मशीन को ठीक करवा दिया गया है। फिर से उसी रफ्तार से एक्स-रे किए जा सकेंगे मरीजों के लिए अस्पताल प्रबंधन की तरफ से समय-समय पर जरूरी कदम उठाने का काम किया जाता है।

**डा. गिन्नी लांबा**, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

### मौसम में बदलावा के कारण लोग दिनभर रहे परेशान

# सुबह खिली धूप, दोपहर बाद उमस ने किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

प्री-मानसून की बारिश की चेतावनियों की बीच सोमवार को भी मौसम ने लोगों को बेहाल करके रखा। लगातार परिवर्तनशील मौसम के चलते लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। क्योंकि सोमवार को सुबह के समय ही धूप खिल गई थी। हालांकि दोपहर के समय धूप से तो राहत मिली, लेकिन उमस ने परेशान कर दिया। देर शाम तक उमस बनी रही, जिसके चलते लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर तापमान में भी उतार चढ़ाव जारी रहा। अधिकतम तापमान में तो कमी दर्ज की गई, लेकिन न्यूनतम तापमान में आंशिक बढ़ोतरी दर्ज हुई। बता दें कि सोमवार को जिले में सुबह से ही धूप खिल गई। वहीं दिन में बादलों के साथ आंख-मिचौली जारी रही, जिससे लोगों को फिर से गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकतम तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों ने तेज बारिश होने के आसार जताए हैं।

सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले जिले का अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन के समय औसतन चार किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलती रही। हालांकि दोपहर बाद हवा की रफ्तार और कम हो गई।

वहीं दो दिन पहले हुई बारिश की वजह से गर्मी से निजात की उम्मीद थी, लेकिन सोमवार को उमस ने फिर से भयंकर गर्मी का अहसास करवा दिया। उमस के चलते लोग पसीनों से तरबतर दिखाई दिए। देर शाम मौसम में फिर से बदलाव हुआ, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।





कवर स्टोरी / रेखा शाह आरबी

हंसते-बोलते प्यारे रिश्तों के बीच किसी गलतफहमी की वजह से खामोशी आ जाए, यह सही नहीं है। ईगो, जिद या फिर संकोच में भी हम आपस में बातचीत ना करके मन में खटास बैठाए रहें और रिश्तों में दूरी बना लें, यह भी उचित नहीं। हमें अपने रिश्ते ऐसे नहीं बिखरने देने चाहिए, बातचीत करके दूरियां खत्म कर रिश्तों को सहेजना चाहिए, इसी में सबकी खुशियां हैं।

# रिलेशनशिप में कभी ना आने दें खामोशी

पति-पत्नी के बीच का रिश्ता हो, दोस्ती का या फिर प्रेमी-प्रेमिका का रिश्ता, हर रिश्ता भरोसे और समझदारी पर टिका होता है। अगर किसी रिश्ते में गलतफहमी आ भी जाए तो उसे बातचीत से सुलझाया जाना चाहिए। लेकिन कुछ लोग बातचीत करने के बजाय खामोश रहना पसंद करते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि धीरे-धीरे रिश्ता खत्म हो जाता है। चाहे कितना भी करीबी रिश्ता हो, अगर एक बार रिश्ते में गांठ पड़ जाती है तो रिश्ते को बिखरने में देर नहीं लगती। इसे एक उदाहरण से समझ सकते हैं। नीता और सुनीता वर्षों से एक-दूसरे की अभिन्न सहेली थीं। एक-दूसरे के साथ हर दुख-सुख, हंसी-खुशी को साझा करती थीं। एक बार नीता ने सुनीता से कुछ आर्थिक मदद मांगी। सुनीता किसी कारण नीता की मदद नहीं कर पाई। नीता को लगा कि उसकी सहेली उसकी मदद कर सकती थी, लेकिन उसने जान-बूझकर ऐसा नहीं किया। यह बात नीता के मन में घर कर गई। हालांकि उसे इस संबंध में खुलकर सुनीता से कम से कम एक बार बात जरूर करनी चाहिए थी, लेकिन बात ना करने के कारण आखिरकार दोनों के रिश्तो के बीच खटास पड़ गई। दोनों ने आपस में बातचीत करना बंद कर दिया। निरंतर खामोश रहने से एक अच्छा-भला रिश्ता खत्म हो गया। इसीलिए जब बात अपनों की हो तो खुलकर बात कर लेनी चाहिए। किसी अपने को खोने से बेहतर है, बगैर किसी पूर्वाग्रह के उसके सामने अपना प्वांइट ऑफ व्यू जरूर रख दें। रिश्तों में गलतफहमियां ना बढ़ें, इसके लिए यहां बताई जा रही कुछ बातों का ध्यान रखकर अपने रिश्ते सहेजे जा सकते हैं।





## ना खींचें लंबी खामोशी

कई बार हम झगड़ों और बहस से बचने के लिए रिश्तों में खामोशी धारण कर लेते हैं। इस तरह का व्यवहार रिश्तों को कमजोर करके उसे खत्म कर देता है, जबकि हमें करना यह चाहिए कि जिस किसी से गलतफहमी की वजह से खामोशी है, उससे सीधी, सरल भाषा में खुलकर बात करें। सामने वाले की शंकाओं को दूर करें और रिश्ते को खत्म होने से बचा लें।

## दूर करें संशय

यदि आपको अपना रिश्ता प्रिय है तो एक बार अपने संशय दूर करने का प्रयास जरूर करें। हो सकता है, अगला आपके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहा हो या आप भी मन ही मन उसके प्रयास की प्रतीक्षा कर रहे हों। यह भी हो सकता है कि बात करने से आप उसकी बातों से पूर्ण रूप से सहमत ना हों और रिश्ता पहले जैसा नॉर्मल ना हो। लेकिन कम से कम एक-दूसरे के प्रति संशय तो नहीं रहेगा, असली वस्तुस्थिति से आप दोनों अवगत हो जाएंगे। क्या पता, बाद में रिश्ते फिर से बन जाएं।

## कभी तीसरे व्यक्ति को माध्यम ना बनाएं

कई बार हम जिससे नाराज होते हैं, उससे अपनी बातें स्वयं ना कहकर अपने दोस्तों से कहलवाते हैं। ऐसे में अकसर ऐसा होता है कि बात बनने के बजाय और बिगड़ जाती है। इसीलिए अपनी बात अपने किसी दोस्त या रिश्तेदार के माध्यम से कहने के बजाय स्वयं उस व्यक्ति के सामने रखें, जिससे आपकी नाराजगी है। किसी दूसरे के माध्यम से बात कहने में और भी गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। हम स्वयं अपनी बात जितने सीधे, सरल और प्रभावी तरीके से रख सकते हैं, दूसरा कोई व्यक्ति नहीं रख सकता है।

## सरल तरीके से कहें अपनी बातें

रिश्ता कोई भी हो, उसमें मौजूद गलतफहमी को दूर करने के लिए जब भी अपनी बातें कहें तो सीधे, सरल और सौम्य तरीके से कहें। ना कि बहुत ज्यादा घुमा-फिरा कर कहें। कभी-कभी ऐसा होता है कि जिससे हम मन में नाराज होते हैं, उसका थोड़ा-सा भी मजाक या उसकी घुमावदार बातें, ताने सी लगती हैं या हम गलत मतलब निकाल लेते हैं। इसीलिए जब तक रिश्ता नॉर्मल नहीं हो, तब तक ऐसे टोन और लहजे से बचें। कहने का मतलब है कि अपने रिश्तों को आसानी से खोने ना दें, इन्हें सहेज कर रखें।

डाइट सजेशन / रिचा शर्मा
सीनियर डाइटिशियन, कैलाश हॉस्पिटल, एनसीआर

# बारिश के मौसम में डाइट का रखें ध्यान

बारिश के मौसम में बीमार होने की आशंका सबसे ज्यादा संक्रमित भोजन करने से होती है। ऐसे में बचाव के लिए जरूरी है कि इस दौरान अपनी डाइट को लेकर आप पूरी सावधानी बरतें।



बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। बारिश ने जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत दी है, वहीं इस मौसम में कई तरह की बीमारियों के होने की आशंका भी बढ़ जाती है। वजह, इस मौसम में हवा में नमी अधिक होती है, जो बैक्टीरिया के ग्रोथ के लिए सबसे अनुकूल वातावरण होता है। इसके अलावा बारिश में जल-जनित बीमारियां होने की भी आशंका अधिक रहती है। इनसे बचाव के लिए खान-पान पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जिससे आप बीमारियों से बच कर स्वस्थ रह सकती हैं। इस मौसम में क्या खाएं और किनसे परहेज करें, जानिए।

## क्या खाएं



- बारिश में जल-जनित बीमारियां, जैसे- कॉलरा, टाइफाइड, पीलिया होने की आशंका अधिक रहती है। इसलिए काफी देर से खुला रखा या बाजार में खुले में बिकने वाला पानी ना पिएं, कोशिश करें उबला पानी ही पिएं, गंदे स्थान पर लगे नल का पानी पीने से बचें।
- बेकरी प्रोडक्ट्स जैसे ब्रेड, बिस्कुट और केक आदि को खरीदने से पहले जांच लें, क्योंकि इस मौसम में फंगस भी बहुत तेजी से बढ़ते हैं। इसलिए एक्सपायरी डेट देखकर ही कोई फूड आइटम खरीदें।
- यह मौसम फूड आइटम्स में बैक्टीरिया के पनपने के लिए अनुकूल होता है। इससे बचाव के लिए खाने को उचित तापमान पर पकाएं। ऐसा खाना जल्दी संक्रमित नहीं होता है और इसे कुछ समय तक खराब होने से बचाया जा सकता है।
- फलों और सलाद के लिए सब्जियों को खाने से पहले अच्छी तरह पानी से कई बार धो लें।
- सब्जी को काटने से पहले दो-तीन बार पानी से धोकर ही उसके बाद पकाना चाहिए।
- कोशिश करें कि इस मौसम में ताजा खाना ही खाएं। खाना अगर कुछ देर पहले बना है और ठंडा हो गया है तो इसे दोबारा गरम कर ही खाना चाहिए। इससे बैक्टीरिया की संभावना खत्म हो जाती है। आमतौर पर लोग कुछ देर पहले बने खाने को गर्म नहीं करते हैं और यही संक्रमण का कारण बनता है।
- प्रोटीन रिच फूड, जैसे- मटन, चिकन, फिश, पनीर, चीज आदि के जल्दी खराब होने की आशंका रहती है। इन्हें पकाने के बाद देर तक ना रखें।
- खाना खाने से पूर्व साबुन से अच्छी तरह हाथ जरूर धोएं।

प्रस्तुति:रिचा पांडे

## इनसे करें परहेज



- इस मौसम में कटे रखे हुए फल खाना बीमारियों को दावत देना है, इससे बचना चाहिए।
- सड़क किनारे खुले में बिकने वाले फूड्स नहीं खाने चाहिए, इससे संक्रमण फैल सकता है।
- ऐसी आइसक्रीम खाने से बचना चाहिए, जो उचित तापमान में ना रखी गई हो। इस तरह की आइसक्रीम से गले में संक्रमण होने की आशंका अधिक रहती है।
- इस मौसम में बाजार में बिकने वाला जूस नहीं पीना चाहिए, भले ही वह ताजा क्यों ना हो, यह बीमार कर सकता है।
- बारिश में हरी सब्जियों को खाने से बचना चाहिए।



ब्यूटी
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

एलोवेरा, हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी निखारने में भी हेल्पफुल होता है। खासतौर पर इसका जैल स्किन सेल्स को स्मूद, सॉफ्ट बनाता है। एलोवेरा किस तरह ब्यूटी निखारने में हेल्पफुल है, आप भी जानिए।

# सौंदर्य निखारे एलोवेरा

एलोवेरा, बगीचों में ही नहीं, लोगों के घरों में भी आसनी से देखने को मिल जाता है। यह गमलों में आसानी से उगाया जा सकता है। एलोवेरा के यूज से त्वचा और बालों की देखभाल काफी लाभदायक मानी जाती है। एलोवेरा के पौधे में नमी रोकने की भरपूर क्षमता होती है। यह पावरफुल नेचुरल मॉयश्चराइजर है। यह स्किन की डेड सेल्स को रिमूव कर स्किन को सॉफ्ट और ब्राइट बनाता है।

**एजिंग प्रोसेस को कम करे:** एलोवेरा एस्ट्रिंजेंट की तरह कार्य करता है और स्किन सेल्स को कसकर बांध देता है, जिससे समय से पूर्व झुर्रियां नहीं आतीं हैं और यह बुढ़ापे को रोकने में मददगार साबित होता है। साथ ही इसमें एंटी ऑक्सीडेंटिव गुण विद्यमान होते हैं, जो स्किन सेल्स के रिजुवेनेशन की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हैं। एलोवेरा के उत्पादों के लगातार प्रयोग से स्किन पर एजिंग इफेक्ट को कम करने में मदद मिलती है।



**ब्यूटी प्रोडक्ट्स में होता है यूज:** एलोवेरा ना केवल स्किन को हेल्दी बनाता है, इसकी नई कोशिकाओं के बनने में भी सहायक होता है। एलोवेरा को क्लींजर, मॉयश्चराइजर जैसे कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स में मुख्य घटक के रूप में प्रयोग किया जाता है।

**सूजन करे दूर:** एलोवेरा का जूस सूजी हुई नसों के उपचार में भी मददगार साबित होता है। यह त्वचा में घाव, संक्रमण आदि के उपचार में प्रभावी साबित होता है। एलोवेरा में विद्यमान जिंक, एंटी इनफ्लेमेटरी का कार्य करता है, इससे त्वचा की सूजन दूर होती है।



**बहुत यूजफुज है जैल:** एलोवेरा जैल या जूस को त्वचा पर सीधा अप्लाई किया जा सकता है। प्रयोग करने में पहले पत्तियों को अच्छे से धो लेना चाहिए। एलोवेरा जूस या जैल को प्रतिदिन चेहरे पर 20 मिनट तक लगाकर साफ ताजे पानी से धोना फायदेमंद होता है। यह त्वचा को मुलायम और नम बनाए रखने में मदद करता है। अगर इसका नियमित रूप से सेवन किया जाए तो यह त्वचा को सॉफ्ट और यंग दिखाने में मददगार साबित होता है। यह त्वचा को तैलीय बनाए बगैर उसमें नमी को बनाए रखने में मदद करता है।

**फेस मास्क के रूप में:** एलोवेरा को फेस मास्क के रूप में भी उपयोग में लाया जा सकता है। एक चम्मच जई या मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच संतरे की छाल का पावडर, दही और एक चम्मच एलोवेरा जैल मिलाकर इस मिश्रण को त्वचा पर 30 मिनट तक लगाकर छोड़ दें। फिर त्वचा को धो डालें। चेहरे पर नया निखार दिखेगा।

**हेयर केयर:** एलोवेरा बालों की हेल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद है। एलोवेरा जैल को बालों पर अच्छी तरह से लगाएं और 20 मिनट के बाद इसे धो लें। इससे बाल मजबूत, मुलायम और चमकीले बनते हैं।

मेकअप / निधि गोयल

सीजन बदलने के साथ हमारी लाइफस्टाइल में काफी कुछ बदल जाता है। अब जैसे बरसात शुरू हो गई तो अन्य बातों के साथ ही आपको मेकअप स्टाइल में भी चेंज कर लेना चाहिए। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।


# रेनी सीजन मेकअप स्टाइल आप दिखेंगी अट्रैक्टिव

बरसात के मौसम में मेकअप करने के बाद सबसे बड़ा टास्क होता है उसको टिकाए रखना। दरअसल, आप मेकअप तो अच्छे से कर लेती हैं लेकिन जैसे ही घर से बाहर निकलती हैं तो वातावरण की नमी के कारण आपको पसीना आने लगता है। पसीने के कारण आपका मेकअप खराब होने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसी बातों का ध्यान रखें, जिससे आपका मेकअप खराब नहीं हो।

**ऐसे करें बेस तैयार:** लॉन्ग लास्टिंग मेकअप के लिए आपको चेहरे पर सबसे पहले अच्छा बेस बनाएं। अगर आप लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं तो ध्यान रखें कि ऑयल फ्री फाउंडेशन का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे आपके चेहरे पर अलग सा चिपचिपापन नजर आएगा। बरसात के मौसम में बीबी क्रीम का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे चेहरे पर एक बेस बन जाता है। यह पसीने के कारण बहती नहीं है।

**कंसीलर का इस्तेमाल:** मेकअप के दौरान महिलाएं कंसीलर का इस्तेमाल चेहरे से दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करती हैं। ध्यान रखें कि इस मौसम में आप क्रेयॉन कंसीलर का इस्तेमाल करें। यह वाटरप्रूफ होता है और पसीना आने पर भी जल्दी हटता नहीं है।





**आंखों को बनाएं अट्रैक्टिव:** चेहरे का पूरा मेकअप, काफी हद तक आंखों पर टिका होता है। इस सीजन में वाटरप्रूफ काजल ही लगाएं। इससे आपका काजल फैलेगा नहीं और आंखें भी बेहद आकर्षक नजर आएंगी।

**आईशैडो:** आंखों का मेकअप आईशैडो के बिना सूना नजर आता है। इस सीजन में आप आंखों पर लाइट कलर के वाटरप्रूफ आईशैडो, जैसे- पिंक, पीच, सी ग्रीन, लाइट ब्ल्यू आदि का इस्तेमाल करें। ग्लिटर आईशैडो से बचें, क्योंकि ये ग्लिटर नमी के कारण बह सकती है, इससे आपका लुक बिगड़ सकता है।

**वाटरप्रूफ मस्कारा:** आप पलकों पर वाटरप्रूफ मस्कारा ही इस्तेमाल करें। मस्कारा लगाने पर आपकी आंखें बेहद सुंदर नजर आएंगी। मस्कारा में कई कलर्स अवेलेबल हैं।



**ऐसे अप्लाई करें लिपस्टिक:** लिपस्टिक में आप अपनी पसंद का कोई भी कलर लगा सकती हैं। बस ध्यान रखें कि वह आप पर सूट करती हो। आप थोड़े ब्राइट कलर के वाटरप्रूफ लिपस्टिक यूज कर सकती हैं।


**(मेकअप आर्टिस्ट साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

ब्यूटी-योगा / हेतल शाह
योग एक्सपर्ट

स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए ब्यूटी केयर की जरूरत होती है। इसके साथ अगर आप कुछ योगासन रेग्युलर करेंगी तो भी आपकी खूबसूरती में निखार आएगा।

# चाहिए अगर ग्लोइंग स्किन रेग्युलर करें योगासन

गलत खान-पान और आदतों की वजह से हेल्थ बिगड़ने के साथ-साथ चेहरे की चमक भी कम होती चली जाती है। ऐसे में आप अपनी स्किन को ग्लोइंग, हेल्दी और खूबसूरत बनाने के लिए योग का सहारा ले सकती हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि योग न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है, बल्कि योगा से आप स्किन में भी नई चमक ला सकती हैं और अपने चेहरे के फीचर्स को हाईलाइट कर सकती हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही योगासनों के बारे में बता रहे हैं। लेकिन इन सभी का अभ्यास किसी योग प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही करें।



फेस योगा फेशियल स्लैपिंग

**फेस योगा फेशियल स्लैपिंग :** फेस योगा आप जब चाहें ऑफिस में बैठकर कलीग से बात करते हुए, घर का काम करते हुए भी कर सकती हैं। इस क्रिया को करने के लिए पीठ को सीधा करके आराम से बैठ जाएं। इसके बाद मुंह में हवा भर लें। अब अपने चेहरे को अंगुलियों की मदद से टैप करते रहें। ध्यान रहे ऐसा करते हुए आपको चेहरे पर प्रेशर नहीं देना है। इस तरह की टैपिंग से चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है। रोजाना इस योगासन को करने से चेहरे पर कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ता है और स्किन ग्लोइंग बनती है। इस योगासन को करने से चेहरे के छोटे रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे झुर्रियां कम होती हैं।



मत्स्यासन



भुजंगासान

**हलासन :** हलासन में ब्लड सर्कुलेशन चेहरे और सिर की ओर होता है। इससे चेहरे का ग्लो बढ़ता है। इस आसन में शरीर को बिना किसी परेशानी जितनी देर रोक सकती हैं, रोकें।



**मत्स्यासन :** मत्स्यासन में सिर के सहारे कंधे और कमर को ऊपर उठाकर बैलेंस किया जाता है। इससे ब्लड फ्लो सिर की ओर होता है। यह आसान शरीर को रिलैक्स करने के साथ स्किन को ग्लोइंग बनाने में भी मदद करता है।

**भुजंगासान :** भुजंगासान कमर और कंधों के दर्द को ही दूर करने में ही कारगर नहीं बल्कि आपको रिलैक्स करके आपके मूड को भी अच्छा करता है। सबसे अच्छी बात यह है कि इससे स्किन सॉफ्ट होती है और चेहरे पर ग्लो बना रहता है।

**सर्वांगासन :** सर्वांगासन में शरीर को कंधों और सिर पर बैलेंस किया जाता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन सिर और चेहरे की ओर होता है। यह स्किन का ग्लो बढ़ाने का काम तो करता ही है साथ ही इससे कील-मुंहासों की समस्या भी दूर होती है। इस आसन में ब्लड का फ्लो सिर और चेहरे की तरफ होता है।



जिससे स्किन को ज्यादा से ज्यादा ऑक्सीजन मिलती है, जो स्किन से जुड़ी हर तरह की परेशानी को दूर करने के साथ ही चेहरे पर चमक लाने में भी बहुत ही फायदेमंद है।

प्रस्तुति:ललिता गोयल

## खबर संक्षेप

### रामनगर में अभियान चला रोपित किए 12 पौधे

**सोनीपत।** हिंट क्लब फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा सोनीपत रामनगर में अभियान चलाते हुए 12 पौधे रोपित किए। इस दौरान पीपल, नीम और जामुन लगाए गए। वहीं दिव्यांशु ने हरे भरे पेड़ों को ना काटकर शपथ दिलवाया तथा रामनिवास ने बताया कि आमतौर पर पौधारोपण का कार्य मानसून के दिनों में ही सही रहता है क्योंकि वातावरण में नमी के साथ-साथ बारिश में पौधों की जड़े जमीन को पकड़ लेती हैं।

### नेटबॉल में खरखौदा ब्लॉक की टीम चैंपियन

**खरखौदा।** दो दिवसीय 18 वीं सीनियर जिला सोनीपत नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष) गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल,सिसाना में आयोजित की गई। फाइनल मैच में खरखौदा ने गन्नौर ब्लॉक की टीम को 25 -21 से हराया। महासचिव अंकित के अनुसार खरखौदा ब्लॉक ने प्रथम, गन्नौर ब्लॉक ने द्वितीय व गोहाना ब्लॉक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### विश्वविद्यालय एक्ट की धज्जियां उड़ाने का आरोप

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, मुरथल की टीचिंग एसो डीक्रूटा ने विवि एक्ट की धज्जियां उड़ाने का आरोप विश्वविद्यालय प्रशासन पर लगाया है। विश्वविद्यालय एक्ट के अनुसार 5 प्रोफेसर व डीन ईसी के सदस्य होते हैं, लेकिन 4 जुलाई को अपने मनमर्जी के निर्णय लेने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय एक्ट की धज्जियां उडा दी है।

### शिक्षक-छात्रों का दल लिथुआनिया से लौटा

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ के शिक्षक व छात्र दल का लिथुआनिया के विल्नियस जेमिनॉस प्रोगिमनाजिआ, जिज्मारिया जिम्नेजिया व 6अन्य स्कूलों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यह दल लिथुआनिया में दस दिन तक रहकर 28 जून 24 को वापस भारत लौटा। इस दल में तीन शिक्षक व 9 विद्यार्थी शामिल थे।

### कोहिनूर क्लब से सम्मानित किया गया रोटरी मिडटाउन

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत मिडटाउन को डिट्रिक्ट थैंक्सगिविंग समारोह में शहर और समाज की भलाई के लिए किए गए कार्यो के लिए रोटरी डिट्रिक्ट 3012 के सर्वोच्च पुरस्कार कोहिनूर क्लब से सम्मानित किया गया और रोटरी की छवि लोगो में बनाने के लिए पब्लिक इमेज अवार्ड भी दिया गया। क्लब प्रेसिडेंट रविन्द्र भारद्वाज ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रियतोष गुप्ता का आभार व्यक्त किया और क्लब मेंबर्स जिन्होंने इस मुहीम में साथ दिया उनका भी धन्यवाद किया।

### शिविर में 46 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में सोमवार को 46 लोगों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। शहर में सोनीपत रोड टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में यह शिविर दि न्यू इंडिया इश्यूरेंस कंपनी के सहयोग से आयोजित हुआ। ट्रस्ट द्वारा सप्ताह के हर सोमवार को इसी चौक में रक्तदान शिविर आयोजित करके लोगों को समाजसेवा का संदेश दिया जाता है। रक्तदान शिविर के मुख्यातिथि उजाला आज तक ट्रस्ट के एडवाइजर समाजसेवी सुल्तान सिंह सैनी थे।

---

देश भर में एक जुलाई से नए कानून प्रचलन में आए

# थानों से लेकर अदालतों में नई भारतीय न्याय संहिता को लेकर होती रही चर्चाएं

## अधिवक्ताओं ने अपनी-अपनी राय देकर संहिता के बाने में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

देश भर में एक जुलाई से नए कानून प्रचलन में आ गए है। कानून प्रणाली में तीन बड़े बदलाव किए गए है। इनमें तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनयम शामिल हैं। जिनके माध्यम से पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सकेगा। वहीं मुकदमा दर्ज करवाना भी बेहद आसान होगा। जिला बार परिसर में भी दिन भर लागू किए गए नए कानूनों को लेकर ही चचाएं चलती रही। इस बारे में अधिवक्ताओं से बातचीत की तो कुछ ने इसे बेहतर बताया तो वहीं कई अधिवक्ताओं ने इसे समय व पैसे की बर्बादी बताया। सोनीपत बार एसो में रजिस्टर अधिवक्ताओं ने बताया कि भारतीय कानून प्रणाली में बदलाव के लिए तीन विधेयक वर्ष 2023 में संसद में पेश किए गए थे। जिन्हें 25 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति की ओर से मंजूरी दी गई। केंद्र सरकार ने 24 फरवरी को तीनों नए आपराधिक कानूनों को 1 जुलाई से लागू करने की घोषणा की थी, जिन्हें सोमवार से लागू कर दिया है। इसके लिए डिजिटल साक्ष्यों को पारंपरिक साक्ष्यों के रूप में मान्यता दी गई है।

### सभी के लिए फायदेमंद होंगे



नए कानून सभी के लिए फायदेमंद होंगे। भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता व साक्ष्य अधिनियम अब समाप्त हो गए हैं। इनकी जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने ले ली है। यह पहली प्रक्रिया है। नए कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में 45 दिन के अंदर फैसला व 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। मामलों को लटकाने की बजाय उन्हें जल्द निपटाया जाएगा। *अनिल दूल, प्रधान बार एसोसिएशन।*

### सराहनीय कदम उठाया



देश में नए कानून लागू कर सरकार से सराहनीय कदम उठाया है। नए कानून लागू होने से पीड़ितों को जल्द न्याय मिलने की उम्मीद जगेगी। साथ ही मुकदमा दर्ज करवाना भी आसान होगा। लागू किए गए नए कानूनों का अध्ययन करने के साथ यह भी ज्ञात हो जाएगा कि पहले क्या संसाधन थे और अब क्या रहेंगे। किसी भी बेहतर काम के लिए शुरूआत में थोड़ी-बहुत परेशानियां तो आती ही हैं। *नीतू, महिला अधिवक्ता।*

### क्या बोले अधिवक्ता



नए कानून व नियमों के साथ अलग से एक्ट बनाने की कोई जरूरत नहीं थी। सरकार का यह कदम सिर्फ पैसों और समय की बर्बादी है। जब किसी अपराध में वीडियो बनाई जाती थी तो पुलिस के लिए वही फोन सबूत के तौर पर मान्य होता था। नए कानून के तहत वीडियो होनी चाहिए, फोन कोई भी हो। ऐसे तो सबूत से छेड़छाड़ की जा सकती है। *आशीष वशिष्ठ, अधिवक्ता।*

कहा कि उन्हें अब पुरानी धाराओं व एक्ट के साथ नई कानूनों पर भी अध्ययन करना पड़ेगा। हालांकि अदालतों में चल रहे पुराने मुकदमों में उन्हीं धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। रमन छिल्लर, सतेंद्र खत्री, प्रवीन मलिक, विकास भारद्वाज, साहिल दलाल व रोहित ने नए कानूनों को लेकर चर्चा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।

**बदली गई धाराएं**

| पहले धारा अपराध | अब धारा |
|---|---|
| धारा 302 हत्या | 103 |
| धारा 307 हत्या का प्रयास | 109 |
| धारा 323 मारपीट | 115 |
| धारा 354 छेड़छाड़ | 74 |
| धारा 354ए शारीरिक संपर्क व आगे बढ़ना | 76 |
| धारा 354बी शारीरिक संस्पर्श व अश्लीलता | 75 |
| धार 354सी ताक-झांक करना | 77 |
| धारा 354डी पीछा करना | 78 |
| धारा 376 दुष्कर्म करना | 64 |
| धारा 392 लूट करना | 309 |
| धारा 420 धोखाधड़ी | 318 |
| धारा 506 जान से मारने की धमकी देना | 351 |
| धारा 304बी दहेज हत्या | 80 |
| धारा 306 आत्महत्या के लिए उकसाना | 108 |
| धारा 509 आत्महत्या का प्रयास करना | 79 |
| धारा 294 गाली देना या गलत इशारे करना | 296 |
| धारा 509 लज्जा भंग करना | 79 |
| धारा 324 जान-बूझकर चोट पहुंचाना | 118(1) |
| धारा 325 गंभीर चोट पहुंचाना | 118(2) |
| धारा 353 लोकसेवक को डराकर रोकना | 121 |
| धारा 336 दूसरे के जीवन को खतरा पहुंचाना | 125 |
| धारा 337 मानव जीवन को खतरे वाली चोट पहुंचाना | 125(ए) |
| धारा 338 मानव जीवन को खतरे वाली चोट | 125(बी) |
| धारा 341 किसी को जबरन रोकना | 126 |
| धारा 284 विषैला पदार्थ के संबंध में अपेक्षा पूर्ण आचरण | 286 |
| धारा 448 गृह अतिचार के लिए दंड) | 329(4) |
| धारा 493 दूसरा विवाह करना | 82 |
| धारा 495ए पति या उसके रिश्तेदार की ओर से क्रूरता | 85 |

**अधिवक्ताओं को भी नई धाराओं की पूर्ण जानकारी नहीं:** फिलहाल आमजन के साथ अधिवक्ताओं को भी नई धाराओं की पूर्ण जानकारी नहीं है। समय के साथ धीरे-धीरे बदली गई धाराओं के बारे में पता लगेगा। जिससे परेशानियां बढ़ना लाजिमी है। लोगों को तैयार की गई ऑनलाइन एप पर शिकायत दर्ज करवाने में भी परेशानी उठानी पड़ेगी। इसका कारण यह है कि सभी लोगों को एप का ज्ञान नहीं है। ऐसे में अनपढ़ या कम पढ़े लोग क्या करेंगे।

---



राई। कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय अंतिल खेवड़ा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

## कांग्रेस की नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल था : आंतिल

- पतला गांव में कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय अंतिल खेवड़ा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राई

कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय अंतिल खेवड़ा ने सोमवार को गांव पतला में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। गांव में पहुंचने पर संजय आंतिल का ग्रामीणों ने जोश व उत्साह से फूलमालाओं से स्वागत किया। संजय आंतिल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की नीतियों के कारण प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल था। लोगों को जरूरत व घरेलू चीजे बहुत कम दाम में मिलती थी। आज महंगाई इतनी हो गई हैं कि आम आदमी का जीन दूभर हो गया है। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने के बाद बुढापा पैंशन बढेगी, डीजल, पैट्रोल, घरेलू गैस आदि चीजों में राहत मिलेगी। कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसी तरह से हरियाणा में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए हम सभी को मिलकर मेहनत करनी है। हुड्डा सरकार को लाना है। कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के कार्यकाल में युवाओं के लिए जो नीतियां बनाई गई थी। उसकी आज भी प्रदेश की जनता सराहना कर रही है। कार्यक्रम में फारूख, सुन्दर दीपक, बेदपाल चौहान, श्रीपाल चौहान, दिनेश, पोषण मलिक, सतीश चौहान, दयाराम चौहान आरिफ हकी, मुदीन, सचिन, रमेश आदि मौजूद थे।

### विधायक ने नपा व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ किया नालों की साफ-सफाई का निरीक्षण

**गन्नौर।** दिनों बरसात के बाद शहर में जलभराव की समस्या को लेकर विधायक निर्मल चौधरी ने सोमवार को जनस्वास्थ्य विभाग व नगरपालिका अधिकारियों के साथ नालों की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। दोनों विभागों के अधिकारियों को वह प्वाइंट भी दिखाए जहां सफाई कार्य कभी नहीं की जाती। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द सफाई कार्य को पूरा करने के आदेश भी दिए। विधायक ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर के सभी नालों की सफाई का काम होना चाहिए। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम डा. निर्मल नागर, नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, जनस्वास्थ्य विभाग के एसई राजीव गुप्ता, एक्ईएन नवीन गोयत, जेई बसंत, नपा सचिव पवित्र गुलिया, पालिका अभियंता जयदेव शर्मा, जेई सचिन धीमान आदि मौजूद रहे।

---

## डीआईजी ने किया स्कूल का निरीक्षण

- खेल व शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला ने खरखौदा के प्रताप स्कूल का दौरा किया और खेल व शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल व एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही स्कूल में चल रही खेल व शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया। डीआइजी ने स्कूल के खिलाड़ियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 229 व राष्ट्रीय स्तर पर 1800 पदकों की सूची को देखकर उन्होंने कहा कि ग्रामीण आंचल में इस स्तर की उपलब्धि प्रशंसनीय है। उन्होंने प्रताप डेयरी एवं फॉर्म का भी दौरा किया। वहां पर विद्यालय संस्थापक एवं डेयरी प्रबंधक सतप्रकाश नम्बरदार से फॉर्म एवं पशुओं के रखरखाव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सीआईएसफ में खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रताप स्कूल के मॉडल को अपनाएंगे। इस अवसर पर डीआइजी विनय काजला, सुमन काजला, द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, महाबीर सिंह बेनीवाल व शिक्षा निदेशक डा. सुबोध दहिया ने यादगार पल के लिए पीपल का पौधारोपण किया।



खरखौदा। स्कूल प्रबंधन के साथ पौधारोपण करते काजला दंपति। फोटो :हरिभूमि

## विनोद प्रदेश अध्यक्ष, पूनम को उपाध्यक्ष बनाया

- पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक पार्टी की नई प्रदेश कार्यकारिणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर

हरियाणा में विधानसभा चुनाव को देखते राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसी के चलते सोमवार को प्रदेश कार्यालय बसन्त बिहार गन्नौर पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) हरियाणा की प्रदेश कार्यकारिणी के पुनर्गठन को लेकर बैठक हुई। सभा की अध्यक्षता हरियाणा प्रभारी एवं राष्ट्रीय जोनल सचिव रामपाल ने की। बैठक में प्रदेश के महासचिव डा.अतर सिंह ने मंच संचालन किया। हरियाणा प्रभारी ने सभा की सहमति से रामपाल ने विनोद कटारिया एडवोकेट रोहतक को प्रदेश अध्यक्ष के नियुक्त किया गया। प्रभारी ने प्रदेशाध्यक्ष विनोद कटारिया के साथ विचार विमर्श के बाद प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें गुलाब सिंह नरवाल एडवोकेट (अंबाला), पूनम टांक (सोनीपत), इंद्रजीत कंबोज (कुरूक्षेत्र), अब्दुल करीम (मेवात), मूलनिवासी ईश्वर सिंह (गुड़गांव), नितिन गहलोत (पानीपत) व राजकुमार जाँगड़ा (महेंद्रगढ़) को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा बलबीर प्रजापति (कुरूक्षेत्र) महासचिव व सरदार हरदेव सिंह (कैथल), दौलत राम (फतेहाबाद), बलजीत प्रजापति (हिसार), मानसिंह चौपड़ा (गुड़गांव), हरचंद (फरीदाबाद) सचिव आरके चौपड़ा (सोनीपत) कार्यालय सचिव, ओम सिंह (सोनीपत) मीडिया सचिव बनाया गया है। चरण सिंह कालका, समय सिंह (सोहना), प्रदीप एडवोकेट, राधेश्याम खरखौदा, गौरव सैन (कैथल), ब्रजबाला (पलवल), अतर सिंह दहिया (रेवाड़ी) कार्यकारिणी के सदस्य मनोनीत किए गए है। इस मौके पर मीडिया सचिव ओम सिंह ने कहा कि जिन्हें पद दिए गए है वे सभी अपने जिले के गांवों के रहने वाले है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव में पूरे भारत में 300 से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में उतारे थे। उनकी पार्टी हरियाणा में सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने सभा मे पहुँचने पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए पार्टी प्रचार में जुटने का भी आह्वान किया।



पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक की नई कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए।

---

### धूमधाम से कल्पना चावला का जन्मदिवस मनाया

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में कल्पना चावला का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल प्रबंधन समिति, प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रीतु व अध्यापकों ने कल्पना चावला की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया और पुष्पांजलि अर्पित की। अध्यापिका वनीषा ने मंच संचालन किया। अध्यापिका सुमन ने अपने भाषण के माध्यम से कल्पना चावला के जीवन चरित का बखान किया तथा बच्चों ने भी कविता के माध्यम से उनको याद किया। प्राचार्या ने बताया कि कल्पना चावला का जन्म 1 जुलाई 1961 को प्रदेश के करनाल जिले में हुआ। उनके पिता का नाम बनारसी लाल चावला तथा माता का नाम संज्योती चावला था। वह अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय महिला थी। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि मौसम उपग्रह मैटसैट कल्पना के नाम से होगा। उन्होंने सभी बच्चों को कल्पना चावला की तरह बनने और उन्हीं की तरह मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा छुट्टियों के बाद आये बच्चों का स्वागत किया व अपने सन्देश के द्वारा अच्छी बातों से अवगत करवाया।




कल्पना चावला को पुष्पांजलि अर्पित कर याद करते शिक्षक।



सोनीपत। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते मिड-डे मील कार्यकर्ता।

### मिड-डे मील कार्यकर्ताओं ने सीटीएम को सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी की सोनीपत कमेटी की ओर से जिला प्रधान रेखा व बलबीर सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सीटीएम पूजा कुमारी के माध्यम से दिया गया। रेखा ने ज्ञापन देते हुए कहा कि हमें कई माह से मानदेय नहीं मिला है। इस महंगाई के जमाने में हमें मात्र 7000 में गुजारा करना पड़ रहा है। पिछले 2 साल से ड्रेस के पैसे भी नहीं दिए गए हैं। एआईयूटीयूसी के जिला उप प्रधान कामरेड बलवीर सिंह ने कहा कि मिड-डे मील कार्यकर्ताओं को न तो सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जा रहा और न ही अभी तक श्रमिक का दर्जा दिया गया है। यह बात भी ज्ञापन में उठाई गई है कि हमें 10 माह का वेतन मिलता है। जबकि अन्य स्कीम वर्करो को 12 माह का मानदेय मिलता है, इसलिए आंदोलन के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। सरकार इन मांगों को जल्दी से जल्दी पूरा करें।

### राजकीय कन्या स्कूल में पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ 7 दिवसीय समर कैंप का आगाज

**सोनीपत।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा में इको क्लब के तहत सात दिवसीय समर कैंप का आगाज हुआ। ईको क्लब के इंचार्ज साक्षी चांदना ने विद्यालय प्राचार्या सुमन बाला की अध्यक्षता में खुशी को सात दिवसीय कैंप के उद्देश्य और कार्यक्रम के बारे में बताया। पहले दिन इंचार्ज सुनीता ने सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देते हुए रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान ही पार्क में बच्चों ने सफाई की। इस अवसर पर प्रोमिला राठी, आशा रानी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



सोनीपत। जागरूकता रैली को रवाना करते प्राचार्या एवं अन्य।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान हवन करते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### वरिष्ठ नागरिकों का सामूहिक जन्मदिवस मनाया

**सोनीपत।** वरिष्ठ नागरिक परिषद सोनीपत के तत्वावधान में मासिक आध्यात्मिक सत्संग/यज्ञ/ हवन और जुलाई मास में जन्म लेने वाले सदस्यों का जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। सेक्टर 14 आर्य समाज में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक प्रवक्ता महात्मा वेद मुनि का ब्रह्मत्व प्राप्त हुआ। जुलाई मास में जन्म लेनें वाले समस्त सदस्यों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया जिसमें सीपी सतीजा मुख्य यजमान बनाया गया। महात्मा वेदमुनि द्वारा जन्म दिवस के जीवन निर्माण के विभिन्न मन्त्रों से उनको आहुति प्रदान करवाई गई। आध्यात्मिक कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए वेदमुनि ने प्रेरणा दी कि समस्त मानवों को अपना जन्मदिवस मनाना चाहिए । जीवन के खाते की पड़ताल कर हानि लाभ पर दृष्टि डाल कर हानिप्रद दुष्कर्मों, दुगुर्णों को त्यागनें और लाभप्रद सत्कर्मों, सद्गुणों को धारण करें। इस मौके पर रविन्द्र कुकड़ेजा, मदन लाल कत्याल, एचके हंस, निर्मल हंस, बीबी अरोड़ा, सविता आर्या, राज कुमार मौजूद रहे।

---

**खेल** | फाइनल में दिल्ली को हराकर मुंबई की टीम बनी चैंपियन

दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार

## कामयाबी तब मिलेगी जब अनुशासन, हौसले और हार न मानने के मन से खेल का प्रशिक्षण लेंगे: जैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

खेल ही है जो हमे स्वस्थ रखता है, आत्मरक्षा का विश्वास पैदा करता है, खेल को कैरियर के रूप में चुना जाये तो युवाओं का भविष्य भी बनाता है। कामयाबी तभी मिलेगी जब हम अनुशासन, हौंसले और हार न मानने के मन से खेल का प्रशिक्षण लेंगे। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सोनीपत में मामचंद क्रिकेट ग्राउंड में नेशनल दिव्यांग प्रीमियर क्रिकेट लीग आल इंडिया क्रिकेट एसोसिएशन फॉर फिजिकली चैलेंज्ड के सहयोग से डिफरेंटली अबलेड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ हरियाणा के सभी उपस्थित प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहे। तीन दिन तक चली प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मुंबई की टीम दिल्ली को हराकर दिव्यांग क्रिकेट लीग चैंपियन बनी। प्रतियोगिता के आयोजक दिनेश सैन ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा हरिकेन्स, बंगलुरु वारियर्स, दिल्ली डायनमौज एवं कलकत्ता टाईगर्स की टीमों ने भाग लिया। तीन साल पहले भी मुंबई ही विजेता बना था। फाइनल में मुंबई ने 10 ओवर्स में 85 रन बनाये इसके जवाब में दिल्ली की टीम केवल 73 रन ही बना सकी। मुंबई टीम के सुगनेश ने 28 गेंद में 37 रन बनाये। जबकि दिल्ली के राजेश एवं हनीफ दो विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। राजीव जैन द्वारा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी वितरित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गुलशन विरमानी, दिनेश एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी, कोचेस एवं प्रतियोगिता के आयोजक उपस्थित रहे।




सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते भाजपा नेता राजीव जैन। फोटो :हरिभूमि

## सफाई कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बली सेना के तत्वावधान में सभी ठेका सफाई कर्मचारी सोमवार को नगर निगम कार्यालय के सामने रेस्ट हाउस के गेट पर इकट्ठा हुए। यहां पर प्रदर्शन करते हुए नगर निगम और भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ नारे लगाते हुए नगर निगम कार्यालय में पहुंचें। नगर निगम कार्यालय में भी विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी की अध्यक्षता यूनियन प्रधान मुकेश टांक ने की वहीं संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश ने किया। कर्मचारियों ने बताया कि 24 मई 2018 को ठेका प्रथा समाप्त करने के लिये चिट्ठी जारी की गई थी। सभी ठेका कर्मचारियों को निगम के पे रोल पर लिया जाना था। लेकिन 6 साल बीत जाने के बाद भी सफाई कर्मचारियों को पे रोल पर नहीं लिया गया है। इसीलिये ठेका सफाई कर्मचारियों में रोष है। इस दौरान सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक पे रोल की समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।



**सूचना**

मैं, शकील पुत्र श्री सफा उर्फ सफी पुत्र मुन्शी निवासी गढी झिझारा पांची गुजरान तह. गन्नौर जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अनीश व उसकी पत्नी गुलफशाह दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**गोहाना।** गांव बीधल से दोदवा संपर्क मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार किसान की मौत हो गई। सोमवार तड़के खेतों में काम करने गए लोगों को हादसे का पता चला। गांव बीधल का सतीश (54) खेती करता था। वह बुधवार रात को बाइक पर बीधल से दोदवा संपर्क मार्ग पर खेत की तरफ गया था। अज्ञात वाहन ने रात को बाइक को टक्कर मार दी और उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर स्वजन को सौंप दिया। अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया।

### दिव्यांगों के लिए रग्बी प्रतियोगिता 5 से

**गन्नौर।** हरियाणा व्हीलचेयर रग्बी टीम के कोच विजय खोखर ने बताया कि 5 से 7 जुलाई को मध्य प्रदेश में व्हील चेयर रग्बी एसोसिएशन के द्वारा तीन दिवसीय मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर के अटल बिहारी वाजपेई खेल स्टेडियम में दिव्यांगों के लिए अटल बिहारी व्हीलचेयर रग्बी टूनार्मेंट कप व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता करवाई जाएगी। हरियाणा व्हीलचेयर रग्बी टीम के कोच विजय खोखर ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के कई राज्यों के खिलाडी भाग लेंगे। हरियाणा से भी 7 सदस्य भागीदारी करेंगे, उनमें 6 सदस्य दिव्यांग श्रेणी से होंगे। सोनीपत से हरियाणा व्हीलचेयर रग्बी टीम के कोच विजय खोखर, राजकुमार,पंकज खत्री, ईश्वर सिंह, रेवाड़ी से शिवकुमार, पलवल से यशवीर व सहायक के रूप में सोनीपत से कर्ण सिंह भागीदारी करेंगे।

### नरेश प्रजापति दोबारा बने प्रदेश अध्यक्ष

**गोहाना।** नरेश प्रजापति को दोबारा से भारतीय प्रजापति हीरोज आगेर्नाइजेशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इनके साथ विनोद डीग को हरियाणा प्रदेश महासचिव और गोविंद प्रजापति को महेंद्रगढ़ को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नरेश प्रजापति ने बताया कि जल्द ही जल्द ही संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक ली जाएगी। बैठक में विचारविमर्श के बाद संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। नरेश प्रजापति ने नई नियुक्तियों के लिए संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। वे बोले कि वे हमेशा ईमानदारी एवं निष्ठा से काम करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे।

### नागरिक अस्पताल परिसर की अधिकतर सड़कें क्षतिग्रस्त हो चुकी

# 'मर्ज की चाह' में अस्पताल आने पर कहीं सेहत न बिगाड़ दें मच्छर

- अस्पताल की सड़कों पर गड्ढे बारिश के पानी से लबालब इनमें पनपने लगे हैं मच्छर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत**

जिले के नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आपाताकालीन कक्ष के सामने वाली सड़क छोड़कर अस्पताल परिसर के अन्य रास्ते गड्ढों में तबदील हो चुके है। दो दिन से रूक-रूककर हुई बारिश से गड्ढो में पानी भर गया है। परिसर में सड़क मार्ग की समस्या नई नहीं है। करीब दो साल से सड़क टूटी पड़ी है। संबंधित विभाग व अस्पताल प्रबंधन की तरफ से सड़क मार्गो की खस्ता हालत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पानी से भरे गड्ढों में मच्छर का लारवा पनप चुका है। जिससे अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले कर्मचारी व मरीज ठीक होने की बजाय बीमार पड़ सकते है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में हाल के दिनों में ओपीडी रर्स्ट्रेशन की संख्या 1500 से ज्यादा की हो चुकी है। अस्पताल में मरीजों को आने के लिए तीन गेट प्रबंधन की तरफ से लगाए गए है। गेट नंबर-1 जोकि आपाताकालीन कक्ष के सामने है। उक्त मार्ग को छोड़कर गेट नंबर-2 सामने सड़क मार्ग की हालत खस्ता हालत में पहुंच चुकी है। आयुष विभाग के मुख्य गेट के सामने गड्ढों में मच्छर तक पैदा हो चुके है। जिसके चलते बीमारियों के फैलने का खतरा बन चुका है। वहीं गेट नंबर-2 जोकि शव गृह की तरफ से आता है। उक्त सड़क मार्ग पर जगह-जगह सड़क टूट चुकी है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से सड़क मार्ग को दूरूस्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। करीब दो साल से अस्पताल में आने वाले मरीजों व कर्मचारियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। गेट नंबर-2 के साथ डिप्टी सिविल सर्जन व टीबी विभाग सहित ट्रेनिंग सेंटर स्थापित है। जिसमें आने वाले मरीज व स्टाफ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



सोनीपत। परिसर में अलग-अलग सड़क मार्ग पर बने गड्ढे।

#### मरीजो को परेशानी

नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले लोगों का कहना है कि तेज बारिश में सड़कों का टूटना लाजमी है, लेकिन लगभग दो वर्ष बीत जाने के बावजूद परिसर में गड्ढो में मिट्टी-कंक्रीट डालकर राहत दी जा सकती है, लेकिन अभी तक अस्पताल प्रबंधन की तरफ से इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । यहां का विभाग न तो आम जन का दर्द समझ रहा है और न ही स्थानीय एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दे रहे है ।

#### सड़कों की कई सालों से नहीं हुई रिपेयरिंग

अस्पताल परिसर की सड़कों की कई सालों से रिपेयरिंग तक नहीं हुई है। इस संबंध में संबंधित विभाग को पत्राचार किया जा चुका है। ज्यादातार सड़को पर गड्ढों में तबदील हो चुकी है। विभाग की तरफ से डी-प्लान के तहत रिपेयरिंग के लिए भेजा जा चुका है। इस संबंध में उच्च अधिकारियो को अवगत करवाया जा चुका है। बजट को लेकर संशय काफी दिनों से बना हुआ है। गड्ढों में भरे पानी में मलेरिया विभाग की तरफ से दवा का छिड़काव करवा दिया जायेगा।
**डा. गिन्नी लांबा**, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।

#### नालियां नहीं होने से जगह जगह भरा पानी

अस्पताल में अव्यवस्थाओं का अंबार इस कदर हावी है कि अस्पताल में आने वाले मरीज व कर्मचारियों को भारी परेशानी होती है। परिसर में जगह-जगह सड़क मार्ग में बने गड्ढों में पानी जमा हो चुका है। जिसके चलते सड़क पर भरे पानी में मच्छरों का लार्वा पनपने लग गया है। मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मच्छर जनित बीमारियां फैलने का खतरा है। रात होते ही सड़को अंधेरा छा जाता, गेट नंबर-2 से निकलने पर तमाम तरह के भय सामना मरीज व उनके तीमारदारो को भुगतना पड़ रहा है।

## अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाकर मनाया डॉक्टर्स-डे




**खरखौदा।** संस्था सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा गरीब कल्याण संस्था के सहयोग से केशव हॉस्पिटल खरखौदा में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्त एकत्रित करने का कार्य रॉटरी क्लब सोनीपत के रक्त कोष की टीम ने किया। गरीब कल्याण संस्था की तरफ से रोहित राठौड़ व रामनिवास दहिया ने, संस्था सेवा ट्रस्ट से सुरेश वत्स और उनकी टीम का पटका पहनाकर स्वागत किया। अस्पताल के डायरेक्टर विशाल नैन ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर एवं बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया जाता है। हेल्दी व्यक्ति ही लाइफ को सही तरह से एन्जॉय कर सकता है और इसमें डॉक्टर्स का रोल बहुत अहम होता है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। संस्था सेवा ट्रस्ट से सुनील छतेहरा उर्फ शिले रक्तदान के फायदे बताते हुए कहा कि ब्लड डोनेट करने से शरीर में मौजूद एक्सट्रा आयरन बाहर निकल जाता है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## अनिरुद्ध ने रेसलिंग में जीता गोल्ड

- खेल प्रेमी अनिरुद्ध गुलिया का दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज स्वागत के लिए जुटेंगे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर**

पुरखास गांव के अनिरुद्ध गुलिया ने जॉर्डन में 20 से 30 जून तक आयोजित अंडर-23 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर देश, प्रदेश, गांव और अपने माता-पिता के साथ-साथ गुरुजनों का नाम रोशन किया है। इस गौरवमयी उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

गुलिया प्रदेश युवा कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पहलवान पुरखासिया के भतीजे है। मंगलवार को खेल प्रेमी स्वर्ण पदक विजेता अनिरुद्ध गुलिया का दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत करने के लिए जुटेंगे। छत्रसाल स्टेडियम के पद्मश्री सतपाल पहलवान, नरेंद्र पहलवान खुडन, ललित कोच, जयबीर कोच, और अजीत मान के सान्निध्य में प्रशिक्षण लेकर अनिरुद्ध गुलिया ने 125 किलोग्राम वर्ग भार में स्वर्ण पदक जीता है। उनकी इस सफलता ने न केवल परिवार और गांव के लोगों को गर्वित किया है, बल्कि सभी खेल प्रेमियों में भी नई ऊर्जा का संचार किया है। स्टेडियम में जश्न का माहौल है। 30 जून को अनिरुद्ध ने अपनी पहली कुश्ती उज्बेकिस्तान के पहलवान को 5-0 से हराकर शानदार शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने दूसरी कुश्ती में कजाकिस्तान के पहलवान को 4-1 से मात दी।

फाइनल मुकाबले में अनिरुद्ध ने सीरिया के पहलवान को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया। अनिरुद्ध की इस सफलता पर राजेश पहलवान ने कहा कि बेटा, आगे भी इसी तरह देश का नाम अपनी मेहनत व गुरूओं के आशीर्वाद से रोशन करेगा। गांववासियों ने मिठाई बांटकर और ढोल-नगाड़ों के साथ अपनी खुशी जाहिर की।




गन्नौर। अंडर-23 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल विजेता अनिरुद्ध गुलिया पदक जितने के बाद अपने कोच के साथ।

### महिला महाविद्यालय को मिला पीजी कॉलेज का दर्जा

**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय सोनीपत सेक्टर 12 में एमए पॉलीटिकल साइंस, एमए इंग्लिश, एमए भूगोल एवं एम कॉम विषय शुरू होने से महाविद्यालय को पीजी महाविद्यालय का दर्जा प्राप्त हो गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नरेश अंतिल ने बताया की आज 1 जुलाई 2024 से महाविद्यालय का नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो गया है और सभी विषयों में दाखिले जारी है। आज मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके प्राचार्य एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने नए सत्र की शुरूआत की। इसी महीने दाखिले शुरू है और दाखिला प्रक्रिया के लिए समितियां का निर्माण किया गया है। डॉ. नरेश अंतिल ने अच्छा शैक्षणिक वातावरण एवं सभी प्रकार की बेहतरीन सुविधाओं को प्रदान करने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग एवं हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## ड्राइव में विवि की चार छात्राएं चयनित

- महिला विवि के होटल प्रबंधन विभाग में विभिन्न प्रतिष्ठित होटल इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना**

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन विभाग में विभिन्न प्रतिष्ठित होटल इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित ई-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चार छात्राओं का विभिन्न पदों पर चयन हुआ है।

चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए वी.सी. प्रो सुदेश ने कहा कि यह प्लेसमेंट एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। होटल प्रबंधन विभाग के एचओडी डॉ. पंकज मिश्रा ने बताया कि विभाग की छात्रा मोनी रतेवाल को दुबई के होटल फ्लोरा क्रीक में हाउसकीपिंग एसोसिएट के रूप में चुना गया है। वहीं छात्रा उपासना को जयपुर के होटल ग्रैंड उनियारा में फ्रंट ऑफिस विभाग में सीनियर ड्यूटी मैनेजर के रूप में चुना गया है। फ्रंट ऑफिस एग्जीक्यूटिव के रूप में विभाग की छात्रा प्रियंका चावला को मन्नत ग्रुप ऑफ होटल एंड रिसोर्ट पाओटा में नियुक्ति मिली है। वहीं स्नेहा मित्तल को हैदराबाद के होटल ट्राइडेंट में एचआर एसोसिएट के रूप में चुना गया है। महिला विश्वविद्यालय के होटल प्रबंधन विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं के लिए चार वर्षीय बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी पाठ्यक्रम में 30 सीटें उपलब्ध हैं। वहीं मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट कोर्स में 15 सीटें उपलब्ध हैं।



गोहाना। प्रियंका, उपासना, स्नेहा और मोनी रतेवाला।

### बीपीएस महिला विवि में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**गोहाना।** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में उपलब्ध स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। दोनों पाठ्यक्रमों में दाखिले की इच्छुक छात्राएं 3 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल ने बताया कि विभाग में 12वीं उतीर्ण छात्राओं के लिए बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स) पाठ्यक्रम में 50 सीटें उपलब्ध हैं। पीजी पाठ्यक्रम मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स में 30 सीटों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन पाठ्यक्रमों की पात्रता, सीटों की संख्या, फीस समेत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्ट्स से प्राप्त की जा सकती है।

### पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने हुड्डा पर बोला हमला

# बापू बेटे में लगी है सीएम बनने की होड़

- जैन संत जय मुनि के दर्शन के लिए आए पंचायत मंत्री ढांडा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना**

सोमवार को प्रदेश के पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बापू-बेटा एंड संस में ही होड़ लग गई है कि बाप सीएम बनेगा या बेटा।

महिपाल ढांडा गोहाना-जींद मार्ग पर स्थित बुटाना गांव के जैन स्थानक में प्रवास कर रहे जैन संत जय मुनि के दर्शन के लिए आए थे। जय मुनि का चातुर्मास इस बार गोहाना की पुरानी अनाजमंडी में स्थित जैन स्थानक में होना है। उसी के निमित्त गोहाना आते हुए वह मार्ग में बुटाना में रुके हैं। वैसे जय मुनि का मूल गांव भी बुटाना ही है। पत्रकारों से बातचीत में पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि कांग्रेस में कोई तंत्र है ही नहीं। रथ में केवल घोड़े जुते हैं। वे अपनी-अपनी दिशा में खींचने की कोशिश कर रहे हैं। ढांडा ने कहा कि कांग्रेस यह माने बैठे हैं कि विधानसभा चुनाव में उन्हीं की सरकार बनेगी, पर हकीकत यह है कि जिस लोकसभा चुनाव में वे अपनी हवा बता रहे हैं, उसमें भी सबसे ज्यादा 44 सीटों पर भाजपा जीती है, 4 सीटों पर आम आदमी पार्टी तो 42 ही सीटों पर कांग्रेस जीती है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर कटाक्ष करते हुए महिपाल ढांडा ने कहा कि हुड्डा को सीएम न शैलजा बनने देगी, न रणदीप सिंह सुरजेवाला। भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी इन दोनों में से किसी को भी सीएम नहीं बनने देंगे। प्रदेश के पंचायत मंत्री ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा निश्चित रूप से तीसरी बार अपनी सरकार बनाएगी।



गोहाना। पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

## न्यूज डायरी

### गांव लिवान में नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ




राई। पार्षद व भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए।

**राई।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने निगम के वार्ड नंबर 8 गांव लिवान में लगभग 60 लाख की रुपए की लागत से नाले का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई ने संबोधित करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में गांव के गंदे पानी निकासी के अलावा गलियों का निर्माण व अन्य कार्य करवाएं है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर वर्ग की पार्टी है। भाजपा ने कल्याणकारी नीतियां बनाकर सभी के उत्थान के कार्य किए है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में आमजन की परेशानी को देखते हुए विकास कार्य को गति दी गई है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच महावीर सरोहा, ताराचंद सरोहा, देव सरोहा, डब्बू सरोहा, जसवीर सरोवर, प्रवीण सरोहा, बॉबी वाल्मीकि, कालू सरोहा, अमरीश त्यागी, राकेश त्यागी, संजीव त्यागी, राकेश कौशिक, प्रवेश शर्मा, अनिल त्यागी, नरेश पांचाल, मोहित दहिया, रवि आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### डॉक्टर्स-डे पर किया चिकित्सकों का विशेष सम्मान



राई। राय अस्पताल के चिकित्सकों का सम्मान करते परिषद पदाधिकारी।

**राई।** मुरथल जीटी रोड के पास स्थित राय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों को चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में भाविप शाखा गन्नौर ने बड़ी धूमधाम से मनाया। परिषद परिवार ने अस्पताल के निदेशक एवं जिला संघ चालक डा. मनोज राय, महिला रोग डा. वीना राय, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. तुषार राय, बाल रोग विशेषज्ञ डा. त्रिशला राय, अस्पताल में पहुंचकर अंग वस्त्र पहनाकर, मुंह मीठा करवाने के बाद परिषद की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया और सभी चिकित्सकों के द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों और योगदान की सराहना की। राय अस्पताल के निदेशक डा. मनोज राय ने परिषद का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाविप की राष्ट्रीय टीम (संपर्क) सदस्य योगेश कौशिक, सचिव अंकित, कोषाध्यक्ष अमित जिंदल, महिला संयोजिका, मनीषा जैन ,उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक, उपाध्यक्ष संपर्क राजकुमार अग्रवाल, गौरव शर्मा, रोशन लाल वर्मा, ममता आदि उपस्थित थे।

### भाविप ने चिकित्सकों को किया सम्मानित



गन्नौर। सीता अस्पताल के डा. संजय जैन व डा. सुनीरा जैन का सम्मान करते परिषद के पदाधिकारी।

**गन्नौर।** भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा ने सोमवार को हैप्पी चिकित्सक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। परिषद परिवार ने गन्नौर के सीता अस्पताल के प्रबंधक निदेशक डा. संजय जैन, डा. सुनीरा जैन, डा. दीपचंद गर्ग, डा. जोगेन्द्र धनखड़ ,डा. मंजू धनखड़ , डा. अतर सिंह, डा. प्रीति को अस्पातल में पहुंचकर अंग वस्त्र पहनाकर, मुंह मीठा करवाने के बाद परिषद की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया और सभी चिकित्सकों के द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यों और योगदान की सराहना की। सभी चिकित्सकों ने परिषद परिवार की सराहना की। इस मौके पर भाविप की राष्ट्रीय टीम (संपर्क)सदस्य योगेश कौशिक, सचिव अंकित, कोषाध्यक्ष अमित जिंदल, महिला संयोजिका, मनीषा जैन ,उपाध्यक्ष संस्कार निशा कौशिक, उपाध्यक्ष संपर्क राजकुमार अग्रवाल, गौरव शर्मा आदि सदस्य मौजूद थे।

### ऑफिसर बनने पर साहिल का गांव में स्वागत

**गन्नौर।** गांव अगवानपुर के लाडले साहिल त्यागी ने हरियाणा सिविल सेवा (एचसीएस) में 48वां रैंक हासिल कर अपने परिवार व गांव का नाम रोशन किया है। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले साहिल अब असिस्टेंट इंप्लॉयमेंट ऑफिसर के पद पर नियुक्ति होंगे। अगवानपुर में साहिल के रूप में पहला एचसीएस बनने पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। साहिल को बाइकों के काफिले के साथ खुली गाड़ी में बैठाकर घुमाया। बतौर मुख्यातिथि के तौर पर मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने शिरकत की और साहिल को माला पहनाने के साथ बुके भेंट कर स्वागत कर बधाई दी। मुख्यातिथि कादियान ने कहा कि अगर सपनों को पूरा करने का जुनून और परिवार का समर्थन हो, तो कोई भी मंजिल पाना असंभव नहीं है। साहिल ने यह दिखा दिया कि मेहनत और समर्पण से हर चुनौती का सामना किया जा सकता है और सफलता की ऊंचाइयों को छूना संभव है। साहिल त्यागी ने कहा कि यदि करने की ठान लें तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है। बस अपने टारगेट पर फोकस पूरी तरह से होना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच मंजीत, पूर्व रामचन्द्र, जगमेंद्र त्यागी, विनोद त्यागी, निरंजन त्यागी, राजू मलिक, सुरेंद्र कोच, श्रीपाल कोच, डा. नरेश, रामनिवास आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। साहिल का स्वागत करते हमन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी वीरेंद्र कादियान

### मंडौरी निवासियों ने नाले के लिए सौंपा मांगपत्र



**खरखौदा।** गांव मंडौरी में गंदे पानी की निकासी गंभीर समस्या बन चुकी है। निकासी के अभाव में पानी गलियों में भर जाता है और आवाजाही को बाधित कर देता है। पशुओं को पानी पिलाने के लिए तालाब पर जाने वाले पशु पालकों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। समस्या की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गांव में जब किसी की मौत हो जाती है तो अंतिम यात्रा तक को जलभराव का सामना पड़ता है। गलियों में जब हद से ज्यादा पानी बढ़ जाता है, तो उसका रुख तालाब की ओर हो जाता है, जो तालाब के पानी को भी गंदा कर रहा है। गंदा पानी पीने से पशुओं के बीमार होने का खतरा पैदा हो गया है। समस्या से परेशान ग्रामीण- जगबीर, अमरजीत, महेंद्र, उमेद, रामधन, राहुल, मयंक, योगेश आदि विधायक जयवीर सिंह से मिलने उनके आवास पर खरखौदा पहुंचे और समस्या के समाधान के लिए नाला बनवाए जाने की मांग की। विधायक ने उन्हें समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया।